Title: Need to consider the supply of fertilizers in Bihar (North).

डा. शकील अहमद (मधुबनी) : सभापति महोदय, पूरे उत्तर बिहार में खाद की कमी है। आप जानते हैं कि बिहार में खरीफ की फसल पहले बाढ़ के कारण तबाह हो गई और बची हुई फसल कीड़ों के कारण तबाह हो गई। अब रबी का समय आ गया है। किसान गेहूं, आलू, दलहन, तिलहन की खेती करते हैं लेकिन उत्तर बिहार में खाद नाम की चीज नहीं है। भारत सरकार ने बिहार सरकार को खाद का कोटा बहुत कम दिया है। भारत सरकार के राज्य सरकार से मतभेद हो सकते हैं लेकिन राज्य की जनता और किसानों से भेदभाव करने का आपको अधिकार नहीं है। मैं मांग करता हूं कि भारत सरकार इसे कंसिडर करे। मधुबनी और दरभंगा में खाद की खास तौर से कमी है। सरकार इसे अविलम्ब पूरा करे।